# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 15.11.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव दिवस पर गुजरात में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल, करोड़ो रूपये की दी सौगात, कहा–स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों का योगदान अमिट और अविस्मरणीय।**
2. **राज्यभर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने किया नमन, आदर्शों को आत्मसात करने का किया आह्वान।**
3. **राज्य स्थापना दिवस पर उल्लास का माहौल, रांची में रजत जयंती समारोह का आयोजन, राज्यपाल और मुख्यमंत्री हुए शामिल, कई योजनाओं की दी सौगात।**
4. **झारखंड हाईकोर्ट ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर मनाया रजत जयंती समारोह, केन्द्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल हुए शामिल।**
5. 
6. **रांची में इंटर स्कूल और क्लब योग प्रतियोगिता का आयोजन, झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में मेज़बान रांची ने जीते आठ स्वर्ण।**

****************

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती आज देशभर में जनजातीय गौरव दिवस के रुप में मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के नर्मदा में आयोजित समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज देश के सम्मान और स्वाभिमान के लिए हमेशा अग्रणी मोर्चे पर खड़ा रहा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों का योगदान अमिट और अविस्मरणीय है।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने करीब दस करोड़ रूपये की योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। श्री मोदी ने गुमला जिले के सिसई प्रखंड और सरायकेला खरसावां के राजनगर प्रखंड में नवनिर्मित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने बिशुनपुर, पालकोट और रायडीह प्रखण्ड में बनने वाले एक–एक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का भी शिलान्यास किया।

****************

जनजातीय गौरव दिवस और धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को लेकर राज्यभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। खूंटी स्थित भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में राजकीय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने धरती आबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के परिजनों से मिलकर उन्हें सम्मानित भी किया। इस मौके पर राज्यपाल ने लोगों से राज्य के तेज विकास के लिए भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदिवासियों और जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता दोहरायी।

इस दौरान जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि धरती आबा का देश हमेशा ऋणी रहेगा।

****************

इससे पहले राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची में धरती आबा को उनकी जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया।

****************

गिरिडीह में जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस मौके पर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदिवासियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

****************

खूंटी के कचहरी मैदान में भी जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का ऐलान कर देशभर में जनजातियों को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, पद्मभूषण कड़िया मुंडा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

****************

झारखंड गठन की रजत जयंती पूरे राज्य में उत्साह, गौरव और सांस्कृतिक विविधता के साथ मनायी जा रही है। झारखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ का मुख्य समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में झारखण्ड अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 8 हज़ार 7 सौ 99 करोड़ रुपए की एक हजार से अधिक योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। इस दौरान श्री सोरेन ने स्वतंत्रता सेनानियों योगदान की सराहना की।

राज्य स्थापना दिवस पर मोरहाबादी मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हो रहा है।

****************

राज्य स्थापना दिवस पर लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, जामताड़ा में डॉ0 इरफान अंसारी, बोकारो में योगेंद्र प्रसाद गिरिडीह में सुदिव्य कुमार और गुमला में चमरा लिंडा शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कई योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया तथा परिसंपत्तियों का वितरण किया।

****************

झारखंड हाईकोर्ट अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर आज रजत जयंती समारोह मना रहा है। कार्यक्रम के दौरान हाईकोर्ट परिसर में बने म्यूजियम का उद्घाटन किया गया, जबकि बिरसा मुंडा सिल्वर जुबली ऑडिटोरियम की आधारशिला रखी गयी। कार्यक्रम में केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत समेत कई न्यायाधीश शामिल हुए।

****************

झारखंड के 25वें स्थापना दिवस पर रांची 29वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल और क्लब योगा चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हजारीबाग और पूर्वी सिंहभूम के अलावा ओडिशा और बंगाल के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इधर रांची में आयोजित ओपन कराटे चैंपियनशिप में मेजबान टीम ने 8 स्वर्ण जीते।

****************